हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 14 जनवरी 2026
[अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 13. 0 डिग्री

घरों में आ रही तिल गुड़ की सोंधी महक
आज मनेगा मकर संक्रांति का पर्व
4



## खबर संक्षेप

### यातायात व परिवहन विभाग द्वारा लर्निंग लायसेंस कैंप आज

**जांजगीर-चांपा।** 37 वा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तत्वाधान में यातायात जांजगीर पुलिस एवं जिला परिवहन द्वारा जिले में लर्निंग लायसेंस एवं एचएसआरपी कैंप का आयोजन किया जा रहा है। ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने एवं संबंधित सेवाओं का लाभ उठाने के लिए आयोजित विशेष कैंप में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होंवे व अधिक से अधिक लाभ ले। कैंप का आयोजन बुधवार 14 जनवरी को पुलिस कंट्रोल रूम जांजगीर में 10 से शाम 5 तक किया जाएगा। 15 जनवरी को पुलिस थाना परिसर अकलतरा में 10:30 बजे सुबह से 5:30 बजे शाम तक आयोजित किया जाएगा । 16 जनवरी को पुलिस थाना परिसर बलौदा में 10 बजे सुबह से 5 बजे शाम तक चलेगा। 20 जनवरी को मेला ग्राउंड शिवरीनारायण में 10 बजे सुबह से 5 बजे शाम तक आयोजित होंगे। 21 जनवरी को पुलिस थाना परिसर पामगढ़ में 10 बजे सुबह से 5 बजे शाम तक किया जाएगा।

### अंडर-19 राज्य स्तरीय रैपिड शतरंज प्रतियोगिता 1 फरवरी को

**जांजगीर-चांपा।** जिले में शतरंज खिलाड़ियों के लिए अंडर-19 राज्य स्तरीय एकदिवसीय रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 1 फरवरी रविवार को किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का आयोजन जिला शतरंज संघ जांजगीर-चांपा द्वारा किया जा रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन हरियाली हेरिटेज नेताजी चौक अकलतरा रोड जांजगीर में किया जाएगा। जिला शतरंज संघ अध्यक्ष देवेंद्र राठौर एवं उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में अंडर-10, अंडर-15 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाएं भाग लेंगे, जहां सभी वर्गों में बालक-बालिकाएं साथ खेलेंगे लेकिन पुरस्कार अलग-अलग प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रातः 9 बजे होगा, इसके पश्चात 9.30 बजे से खिलाड़ियों की बैठक एवं पहला राउंड प्रारंभ होगा तथा शाम 5 बजे पुरस्कार वितरण किया जाएगा। प्रतियोगिता रैपिड प्रारूप में 15 मिनट + 5 सेकंड इन्क्रीमेंट समय नियंत्रण के साथ खेली जाएगी।

### पांच दिवसीय मकर संक्रांति मेला महोत्सव आज से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम बसंतपुर में मकर संक्रांति पर माघ मेला एवं भव्य चित्रोतपला गंगा महा आरती कार्यक्रम का आयोजन 14 जनवरी दिन बुधवार को शुभारंभ किया जाएगा। आचार्य पंडित कन्हैयालाल दुबे ने बताया कि 14 जनवरी दिन बुधवार से मकर संक्रांति मेला का आयोजन रखा गया है। इसके साथ ही 15 जनवरी दिन गुरुवार को शाम 6 बजे से गंगा महा आरती कार्यक्रम का आयोजन भी रखा गया है। यह मकर संक्रांति माघ मेला महोत्सव लगातार 5 दिनों तक चलेगा। जिसका समापन 18 जनवरी दिन रविवार को होगा। आयोजन को लेकर ग्राम वासियों के द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### कार्रवाई के बाद भी नहीं थम रहा रेत का अवैध कारोबार

# मशीन से छलनी कर रहे नदियों का सीना, रेत का अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन का सिलसिला कही थमने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसा भी नहीं है कि रेत के अवैध उत्खनन पर कार्रवाई ना हो। बावजूद इसके जीवनदायिनी महानदी और हसदेव में बड़ी बडी मशीनें लगाकर दिन रात रेत उत्खनन करने में लगे है। यही नहीं परिवहन भी धडल्ले से हो रहा है।

जांजगीर चांपा जिले में खनिज विभाग की तमाम कार्रवाई के बावजूद सक्रिय माफिया ना केवल नियम कानून की धज्जियां उड़ा रहे है, बल्कि पर्यावरण के तमाम निर्देशों को दरकिनार कर स्वीकृत घाटों में भी मशीनों का प्रयोग करके नदियों का सीना छलनी कर रहे है। जिले के शिवरीनारायण, पामगढ़ क्षेत्र में महानदी में माफियाराज चल रहा है। यहां रेत उत्खनन के लिए बड़ी बड़ी मशीनें लगी होती है और भारी भरकम वाहनों से रेत का परिवहन होता है। इसी तरह हसदेव नदी में बिर्रा, सिलादेही, गतवा सहित आसपास के घाटों से रेत उत्खनन और परिवहन का सिलसिला निर्बाध गति से जारी है। घाटों पर सक्रिय माफिया की भारी भरकम मशीनें उत्खनन कार्य में लगी होती है और फिर तमाम नियम कायदे को धता बताकर परिवहन किया जाता है। बहरहाल तमाम कोशिशों के बावजूद जिले में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन का सिलसिला कही थमने का नाम नहीं ले रहा है। कार्रवाई नहीं होने से उसके हौसले बुलंद है।



इस तरह से होता है नदियों में रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन।

### अवैध रेत उत्खनन व परिवहन, 1 चैन माउंटेन व 1 ट्रैक्टर जब्त



जब्त वाहन के साथ संयुक्त टीम।

रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन पर कार्रवाई करते हुए संयुक्त टीम ने दो वाहनों की जब्ती बनाई है। उक्त कार्रवाई जांजगीर से लगे लछनपुर रेत घाट पर की गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राजस्व एवं खनिज विभाग के संयुक्त दल द्वारा जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण करने वाले वाहनो, स्थानों का औचक निरीक्षण कर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार 13 जनवरी को संयुक्त दल द्वारा तहसील जांजगीर के ग्राम लछनपुर के रेत घाट में अवैध उत्खनन पर कार्यवाही करते हुए एक चैन माउंटेन एवं एक ट्रैक्टर को जब्त कर सीलिंग की कार्यवाही की गई।

#### की जाएगी कार्रवाई

रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन के मामले सामने आने को लेकर कार्रवाई चल रही है। आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। समय समय पर रेत घाटों का निरीक्षण कर कार्रवाई किया जाता है।

**-हिलेन्द्र स्वर्णपाल,**
जिला खनिज अधिकारी

# राखड़ लोड ट्रेलर ढलान में पलटी, चालक की मौत

### सिटी कोतवाली क्षेत्र के मड़वा प्लांट के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राखड़ खाली करने के दौरान ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दौरान वाहन के पहिए तले चालक आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम मड़वा की है।

इस संबंध में सिटी कोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार 13 जनवरी अपरान्ह 3:30 बजे ग्राम जर्वे निवासी ट्रेलर चालक प्रहलाद केंवट उम्र 45 वर्ष गाड़ी लेकर प्लांट गेट तक पहुंचा था। गाड़ी से उतरने के बाद अचानक वाहन पीछे की ओर ढलाने में चलने लगी। गाड़ी को रोकने के प्रयास में चालक पीछे पीछे दौड़ रहा था। इसी दौरान गाड़ी पलट गई और वह उसी के नीचे दब गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान घटना की सूचना सिटी कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद घटना को लेकर परिजनों को भी सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। इसके बाद मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा गया।



अनियंत्रित होकर पलटा ट्रेलर

## अलग-अलग प्रकरणों में 75 लीटर महुआ शराब के साथ दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने दो अलग अलग प्रकरणों में 75 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पहला मामला पामगढ़ का है। इस दौरान 13 जनवरी को पामगढ पुलिस द्वारा एक विधि से संघर्षरत बालक को पकड़ा जिसके कब्जे से 40 लीटर कच्ची महुआ शराब, कीमती 8 हजार व बाइक को बरामद किया गया। उपरोक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी पामगढ निरीक्षक सावन सारथी, सहायक उप निरीक्षक संतोष बंजारे प्रआर राजेश कोसले, आरक्षक भुवनेश्वर पटेल, राघवेंद्र लहरे, सरोज ओग्रे थाना पामगढ का सराहनीय योगदान रहा। दूसरा मामला बलौदा थाना क्षेत्र का है। बलौदा में भैसा बाजार मुक्तीधाम रोड के पास भारी मात्रा मे देशी शराब बेचने के लिये रखा है। मुखबिर सूचना पर जाकर रेड कार्यवाही कर मौके पर आरोपी भरत लाल कश्यप के कब्जे से 35 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 28 सौ बरामद कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।



## जेल में बंद विधायक से मिलने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू से मुलाकात करने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जिला जेल पहुंचे। उन्होंने विधायक का हालचाल जाना और पूरे प्रकरण को लेकर चर्चा की।

गौरतलब है कि धोखाधड़ी के मामले में जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू की 9 जनवरी को गिरफ्तारी की गई है। बालेश्वर साहू के खिलाफ किसान राजकुमार साहू से 42 लाख 78 हजार रुपए की धोखाधड़ी का आरोप है। विधायक को इस प्रकरण में 22 जनवरी तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। मंगलवार 13 जनवरी को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जिला जेल जांजगीर पहुंचे। विधायक बालेश्वर साहू से मुलाक़ात के पश्चात मीडिया से चर्चा करते हुए भूपेश बघेल ने बालेश्वर साहू पर की गई कार्रवाई को बीजेपी के राजनीतिक द्वेष का नतीजा बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार विरोधी दल के नेताओं को परेशान करने की नीयत से ऐसी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने न्यायपालिका पर भरोसा जताते हुए कहा कि सत्य की जीत होगी। इस मौके पर दिनेश शर्मा, मंजू सिंह, विधायक रामकुमार यादव और पामगढ विधायक शेषराज हरबंश के साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



जैजैपुर विधायक से मिलने पहुंचे पूर्व सीएम भूपेश बघेल।

### किसानों के साथ खड़ी या अपराधी को संरक्षण दे रही कांग्रेस : चंदेल

जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू की धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तारी के बाद आरोप प्रत्यारोप का दौर चल रहा है। मंगलवार को भाजपा ने जिला भाजपा कार्यालय जांजगीर में पत्रकार वार्ता की। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कांग्रेसी नेताओं पर किसान को छोड़ कर आरोपी का साथ देने के आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि किसान से साथ धोखाधड़ी करने के मामले मे विधायक बालेश्वर साहू के खिलाफ पुलिस ने विवेचना के बाद सबूतों के साथ कार्रवाई की है। इसमें बीजेपी या सरकार के कोई लेना देना नहीं है, लेकिन जिस तरह कांग्रेसी नेता नियमों के उलंघन करने मे जुटे है, इससे साबित होता है कि कांग्रेसी नेता किसानों का साथ देने के बजाए आरोपी के साथ देने मे जुटे हैं। श्री चंदेल ने कहा कि कांग्रेस का अपराधियो को बचाने का पूराना चेहरा एक बार फिर छत्तीसगढ़ की जनता के सामने आ गया है। उन्होंने आगे कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत द्वारा किसान से 42 लाख 78 हजार की धोखाधड़ी के आरोपी कांग्रेस विधायक बालेश्वर साहु का खुला समर्थन किया जा रहा है। न्यायालय ने पुख्ता प्रमाणो के आधार पर आरोपी को जेल भेजा है, फिर भी कांग्रेस अपराधी के साथ खड़ी है, यह उनकी किसान विरोधी मानसिकता का प्रमाण है। इस मामले में विधायक बालेश्वर साहू से तत्काल इस्तीफा देने और कांग्रेस पार्टी से उसे निष्कासित करने की मांग भी की गई। पत्रकार वार्ता मे भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, सरगुजा जिला संगठन प्रभारी कृष्णकांत चन्द्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी, जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, जिला प्रवक्ता विकास शर्मा, आई टी सेल संयोजक अनिल शर्मा उपस्थित रहे।



### राजस्व विभाग द्वारा की जा रही सघन जांच

# धान का अवैध परिवहन, 250 क्विंटल की बनाई जब्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

धान के अवैध परिवहन मामले में कार्रवाई करते हुए 250 क्विंटल धान के साथ वाहन को भी जब्त किया गया है। उक्त कार्रवाई डभरा एसडीएम एवं उनकी टीम द्वारा की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार 13 जनवरी को कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु लगातार सघन जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डभरा विनय कश्यप के नेतृत्व में राजस्व विभाग द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई। राजस्व विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 जनवरी की रात्रि लगभग 2:30 बजे तहसील डभरा अंतर्गत ग्राम केनाभाठा में एक ट्रक के माध्यम से धान का अवैध परिवहन किया जा रहा था। तलाशी के दौरान ट्रक में लगभग 250 क्विंटल धान लोड पाया गया। परिवहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर ट्रक को अवैध धान परिवहन के प्रकरण में जब्त कर नियमानुसार कार्यवाही की गई। कार्यवाही में तहसीलदार डभरा मनमोहन प्रताप सिंह, पटवारी हरमेन्द्र वारे, देव कश्यप, राजेंद्र चन्द्रा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। इसी क्रम में तहसील बाराद्वार अंतर्गत बाराद्वार क्षेत्र में तहसीलदार एवं पटवारी द्वारा 120 बोरी धान का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। वहीं ग्राम मुरलीडीह में लगभग 43 बोरी धान का अवैध परिवहन पाए जाने पर वाहन को जब्त कर थाना जैजैपुर में सुपुर्द किया गया।



वाहन में लोड धान की जब्ती बनाते अफसर।



## खबर संक्षेप

### एक करोड़ 14 लाख की लागत से बनेगा पकरिया-रिवापार पहुंच मार्ग



**तनौद।** पामगढ़ विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पकरिया से रिवापार पहुंच मार्ग सड़क निर्माण के लिए विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस सड़क के बनने से क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होगी और ग्रामीणों का आवागमन सुगम होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व डिप्टी सीएम अरुण साव की अनुशंसा से एक करोड़ 14 लाख लागत से बनने वाले पकरिया से रिवापार पहुंच मार्ग सुगम होगा भूमि पूजन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरवंश थीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े, शिवेंद्र प्रताप सिंह भाजपा मंडल कोडाभाट खरौद, उत्तम सोनी महामंत्री भाजपा मंडल कोडाभाट खरौद ,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मानस जांगड़े वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद शर्मा, रामकिर्तन कश्यप उपाध्यक्ष कोड़ाभाट मंडल योगेश उपाध्यक्ष उपस्थित रहे। इस अवसर पर रूप चंद साहू जनपद उपाध्यक्ष, पामगढ़, श्रीमती रजनी दीपक साहू जनपद सदस्य), श्रीमती प्रमिला सायतोड़े सरपंच, ग्राम पकरिया, बंसत यादव, सुखनंदन देवांगन, राजकुमार साहू, चन्द्रशेखर साहू,भरत यादव मेलाराम यादव, धनेश्वर साहू सुखीराम साहू, बेदराम वर्मा, पहलाद देवांगन, श्यामसुंदर साहू, कमलेश, निर्मल साहू, अश्वनी देवांगन, देवेन्द्र वर्मा, ईश्वर साहू, नरेश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष से मिले पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष



**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र कौशिक ने 13 जनवरी को केंद्रीय भाजपा कार्यालय नई दिल्ली में जाकर उनसे मुलाकात की। श्री कौशिक ने उनके नवीन दायित्व राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने की शुभकामनायें ज्ञापित किया। साथ ही संगठन द्वारा जांजगीर-चाम्पा जिला के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर श्री नवीन को सौजन्य भेंट कर आभार प्रकट किया। अपने नवीन दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा लगन के साथ काम कर पार्टी को और मजबूत बनाने का आश्वासन दिया।

### जिला मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल से की भेंट



**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. विधान सभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल से उनके जांजगीर-नैला स्थित जनसंपर्क कार्यालय में भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, सांसद प्रतिनिधि विवेका गोपाल, किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष भुवनेश्वर साहू, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेश्वर पाटले, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लखन सिंह कंवर, किसान मोर्चा जिला महामंत्री शिवचमन सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोलू तिवारी सहित अन्य नवनियुक्त पदाधिकारियों ने सौजन्य भेट किया। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने सभी नवनियुक्त भाजपा के मोर्चा पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुये संगठन में सक्रियता से व टीम वर्क के साथ काम करने एवं भाजपा के जनाधार को और अधिक बढ़ाने के लिये आग्रह किया। सभी पदाधिकारियों ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल का पुष्पगुच्छ, साल व श्रीफल से स्वागत किया, वहीं श्री चंदेल ने सभी पदाधिकारियों को मिष्ठान खिलाकर उनका अभिनंदन करते हुये उन्हे नये दायित्व के लिये शुभकामनाएं दी।

## निधन

### श्रीमती रामबाई राठौर



**देवरी-सारागांव।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं नगर पंचायत सारागांव के उपाध्यक्ष दिलेश्वर राठौर की माता श्रीमती रामबाई राठौर का 84 वर्ष की आयु में 7 जनवरी बुधवार को निधन हो गई। वे अपने पीछे दो पुत्र व नाती, पोता सहित भरापुरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गई हैं। अंतिम संस्कार नगर के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि जेष्ठ पुत्र दीनबंधु राठौर ने दी। उनकी अंतिम यात्रा में परिवार के अलावा स्वजातीय बंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए।

हनुमान धारा में हुआ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन का नव-वर्ष मिलन समारोह

# न्यायोचित मांगों के लिए किया गया संघर्ष कभी व्यर्थ नहीं जाता : वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

जिले के धार्मिक, दार्शनिक एवं आस्था के प्रमुख केंद्र हनुमान धारा में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के तत्वावधान में नववर्ष मिलन समारोह-2026 का आयोजन किया गया। यह आयोजन फेडरेशन के जिला संयोजक विश्वनाथ परिहार,जिला महासचिव अर्जुनसिंह क्षत्रीय एवं सह संयोजक डॉ व्ही के पैगवार के कुशल एवं सक्षम नेतृत्व में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर राज्य से पधारे कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक एवं राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष कमल वर्मा मुख्य अभ्यागत के रूप में उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप से छत्तीसगढ़ पेंशनर्स संघ के प्रांताध्यक्ष बी.पी. शर्मा, आलोक मिश्रा, संतोष वर्मा, पंकज पांडेय तथा डॉ. कुमुदिनी द्विवेदी जिलाध्यक्ष, राजपत्रित अधिकारी संघ, सक्ती उपस्थित थे। जैसे ही प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा आयोजन स्थल पर पहुंचे, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के कर्मचारियों ने आतिशबाजी, नारों और उत्साहपूर्ण स्वागत के साथ सभी अभ्यागतों का अभिनंदन किया। तत्पश्चात जिला संयोजक विश्वनाथ परिहार, जिला महासचिव अर्जुनसिंह क्षत्रीय, सहसंयोजक डॉ व्ही के पैगवार ने पुष्पगुच्छ एवं गुलदस्ता भेंट कर कमल वर्मा, बी.पी. शर्मा, आलोक मिश्रा, संतोष वर्मा, पंकज पांडेय, रविन्द्र राठौर सहित सभी अभ्यागतों का आत्मीय स्वागत किया। स्वागत के क्रम में ज्ञानेश्वर बरेठ रामकिशोर शुक्ला,यू एस राठिया,बीआरसी हीरेंद्र बेहार, विकास सिंह, फिरत किरण, डॉ तरूण सिंह राठौर,धर्मेंद्र यादव,डॉ. भुवनेश्वर देवांगन, अमर महंत, राजेन्द्र जायसवाल, धन्यकुमार पाण्डेय, डॉ. रविंद्र द्विवेदी, विजय थवाईत,डोलेश्वर यादव,श्रीमती संजू महंत, श्रीमती सविता कोशे, श्रीमती सीमा सामुएल, शत्रुहन राठौर, आर.एस. कंवर, पी. बनर्जी सहित कर्मचारी–अधिकारी साथियों ने पुष्पमालाओं, गुलदस्ता से सभी अभ्यागतों का स्वागत अभिनंदन किया। सर्वप्रथम स्वागत उद्बोधन में जिला संयोजक विश्वनाथ परिहार ने हाल ही में संपन्न तीन दिवसीय धरना आंदोलन में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारियों एवं साथीगणों के सहयोग, अनुशासन एवं एकजुटता की प्रशंसा करते हुए इसे कर्मचारी हितों की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। स्वागत उद्बोधन के पश्चात नव वर्ष मिलन समारोह के मुख्य अभ्यागत एवं प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने अपने प्रेरक एवं स्पष्ट उद्बोधन में कहा कि"कर्मचारी और अधिकारी फेडरेशन की संगठित शक्ति और एकता हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। तीन दिवसीय हुए आंदोलन ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब हम संगठित होकर अपनी मांगे शासन के समक्ष रखते हैं, तो शासन भी गंभीरता से विचार करता है। न्यायोचित मांगों के लिए किया गया अनुशासित संघर्ष कभी व्यर्थ नहीं जाता। उन्होंने जानकारी दी कि शासन द्वारा 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता स्वीकृत किया जाना कर्मचारी वर्ग की मांगों पर सकारात्मक पहल का संकेत है। साथ ही उन्होंने कहा कि परामर्शदात्री समिति की नियुक्ति, कैशलेस चिकित्सा सुविधा को शीघ्र लागू करने, तथा अन्य लंबित कर्मचारी हितैषी मांगों पर भी शासन स्तर पर गंभीर विचार चल रहा है और शीघ्र ही ठोस निर्णय लिए जाएंगे।श्री वर्मा ने स्पष्ट किया कि कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन संवाद, समन्वय और संघर्ष तीनों माध्यमों से कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा हेतु निरंतर सक्रिय रहेगा और हर स्तर पर कर्मचारियों की आवाज़ को मजबूती से उठाता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रविंद्र द्विवेदी एवं विकास सिंह ने संयुक्त रूप से किया। आभार प्रदर्शन जिला महासचिव डॉ अर्जुनसिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ.अर्जुन सिंह ने मुख्य अभ्यागत कमल वर्मा के लिए अपनी सुमधुर एवं भावपूर्ण आवाज़ में गीत प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थितों ने खूब सराहा। नववर्ष मिलन समारोह अवसर पर डॉ तरूण सिंह राठौर, बी आर राठौर,धर्मेंद्र यादव, सुधीर कुमार, सुकदेव, टी.के. टंडन, हरप्रसाद बंजारे, रामनारायण यादव, लक्ष्मीनारायण तिवारी, रामू भैना, रंजीत सिंह, एच.एन. सोनी, जगन्नाथ श्रीवास, लोमस श्रीवास, पवन चंदेल, जी.आर. कर्ष, ओमप्रकाश राठौर,बलराम जलतारे, ओमप्रकाश सोनी सहित बड़ी संख्या में फेडरेशन के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।



अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं गुलदस्ता भेंट कर स्वागत करते अुर्जन सिंह क्षत्रीय एवं अन्य।

# जीवन में लक्ष्य बनाकर चलने से निश्चित मिलती है सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

- सरस्वती शिशु मंदिर में मनाई गई विवेकानंद की जयंती

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागढ़ में स्वामी विवेकानंद की जयंती बड़े धूमधाम से मनाया गया। युवा दिवस के पावन अवसर पर बी.एड. प्रथम वर्ष के प्रशिक्षार्थियों के आथित्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा संगीतमय प्रार्थना संपन्न हुई। उपस्थित अतिथियों का परिचय, स्वागत व सम्मान किशोर भारती के भैया बहनों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का प्रस्तावना आचार्य मदन लाल देवांगन ने रखा उसके पश्चात भैया बहनों ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवनी, प्रेरणादायक प्रसंग प्रस्तुत की। इसमें किशोर भारती की सदस्य संजीवनी केसरवानी, शगुन केसरवानी, एकता मानिकपुरी, उदय जलतारे ने स्वामी विवेकानंद के बारे में अलग-अलग वक्तव्य व्यक्त किया। अनिषा पटेल (नवम) ने संस्कृत में जीवन परिचय का वाचन किया। अतिथियों में से रेणुका राठिया ने बच्चों से स्वामी विवेकानंद के बारे में आप क्या-क्या जानते हैं की जानकारी ली। यामिनी चंद्रा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन परिचय एवं पारिवारिक जीवन पर प्रकाश डाला। आचार्य तरुण चौबे ने शिकागो के हुए धर्म सम्मेलन की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। आचार्या गनेशी यादव ने अंग्रेजी भाषा में उद्बोधन दिया। अंत में प्राचार्य भूपेंद्र कुमार यादव ने आशीर्वचन में स्वामी विवेकानंद के प्रेरणाओं, विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है पर बल दिया और कहा हम जो भी काम कर रहे हैं उसका एक लक्ष्य जरुर होना चाहिए और जब तक उस लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो जाती तब तक हमें रुकना नहीं चाहिए। कार्यक्रम का संचालन आचार्य मदन ने किया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, पूर्व प्राचार्य, वरिष्ठ, विशिष्ट सभी शिक्षक, शिक्षिका एवं बच्चें उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते अतिथि।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर क्विज का हुआ आयोजन



**अकलतरा।** अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला, अकलतरा में 12 जनवरी को महान विचारक, युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती को युवा दिवस के रूप में गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में बौद्धिक क्षमता, सामान्य ज्ञान एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना के विकास हेतु क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाला के प्राचार्य आर. के. विश्वकर्मा द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात उन्होंने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में स्वामी विवेकानंद जी के जीवन चरित्र, उनके आदर्शों, विचारों एवं युवाओं के प्रति उनके संदेशों पर प्रकाश डाला। क्विज प्रतियोगिता में कक्षा नवमीं एवं ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल 10 समूहों का गठन किया गया था, जिनके बीच रोचक एवं ज्ञानवर्धक प्रश्नों के माध्यम से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। विद्यार्थियों ने सामान्य ज्ञान, समसामयिक विषयों एवं स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई के कार्यक्रम अधिकारी आर. के. पांडे द्वारा किया गया। क्विज प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता दल को शाला के प्राचार्य द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक एवं बौद्धिक कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता की अपील की। कार्यक्रम में शाला के शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। युवा दिवस के इस आयोजन ने विद्यार्थियों में स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने एवं जीवन में उतारने का संदेश दिया।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में महाकाल बिलासपुर इलेवन बना चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

- ओपन चैलेंज टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन

नगर के महानदी तट स्थित मेला ग्राउंड में जी स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित ओपन चैलेंज टेनिस बॉल डे क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन रविवार 11 जनवरी को संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों का पंजीयन था, जिसमें से 22 टीमों ने भाग लेकर अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि नगर पंचायत शिवरीनारायण के अध्यक्ष राहुल थवाईत रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रकाश बिल्लू बंसल, विवेक 'मिंकु' शर्मा, सचिन मिश्रा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 1 लाख नगद एवं ट्रॉफी प्रकाश बिल्लू बंसल एवं अंकित मिश्रा द्वारा तथा द्वितीय पुरस्कार 50 हजार नगद एवं ट्रॉफी विवेक मिंकु शर्मा द्वारा प्रदान की गई। फाइनल मुकाबले से पूर्व राष्ट्रगान एवं छत्तीसगढ़ राज्य गीत का गायन-वादन किया गया। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सुदीप गुप्ता, अंकुर गोयल, संतोष अग्रवाल, पंकज केशरवानी, शशांक शर्मा, मनीष मित्तल, अंकुश अग्रवाल, सागर केशरवानी, मित्रभान साहू, चंद्रभान साहू सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में अभिषेक तिवारी (छोटा महाराज), अजय कुमार केवट, विमल सारथी, सुदर्शन मानिकपुरी, प्रीति रात्रे, मोहन 'छोटू' केवट, आनंद केशरवानी, विकास केवट, किशन साहू सहित समिति के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।व्यक्तिगत पुरस्कारों में बेस्ट बल्लेबाज – पप्पू, बेस्ट गेंदबाज – आदिल, बेस्ट विकेटकीपर – मनीष, बेस्ट फील्डर – मनु, बेस्ट ऑलराउंडर – सोनू, बेस्ट अंपायर – अभिषेक तिवारी, चंद्रभान खूंटे, बेस्ट स्कोरर – अभिषेक अग्रवाल, मुकेश मानिकपुरी, बेस्ट कमेंटेटर – शशांक शर्मा, अमन कुंभकार, साथ ही जनकपुर के बच्चों को बेस्ट दर्शक के रूप में सम्मानित किया गया। आयोजन का संचालन आयोजन समिति अध्यक्ष उग्रेश्वर गोपाल केवट के नेतृत्व में किया गया। अंत में उन्होंने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, समिति सदस्यों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त किया।




विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान करते अतिथि।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की विभिन्न समस्याएं

**सक्ती।** जिला कार्यालय में आयोजित हुए कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो द्वारा जिले के दूर दराज के इलाकों से आए विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी गई। जनदर्शन में आज अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 17 आवेदन प्राप्त हुए। जिस पर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों को कलेक्ट्रेट परिसर सभाकक्ष में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को तत्काल देकर यथाशीघ्र नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जनदर्शन में तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम रीवापली निवासी श्याम कुमार उरांव ने विकलांगता के आधार पर जिला सक्ती के किसी भी विभाग में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में नियुक्ति तथा विकलांग पेंशन दिलाए जाने के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम मसानिया कला निवासी संजय कुमार लहरे ने छात्रावास मसानिया कला में स्वीपर द्वारा बच्चों से कार्य करवाए जाने तथा स्वीपर द्वारा कामचोरी करने के शिकायत के सम्बन्ध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम डोड़की निवासी सरोज गबेल ने निजी भूमि में 11 केवी का खंबा हटाने के संबंध में, तहसील भोथिया अंतर्गत ग्राम डोंगिया निवासी जीवनलाल गबेल ने टोकन काटने में हो रही समस्या के संबंध में, तहसील हसौद अंतर्गत ग्राम भातमहुल निवासी भोजराम जायसवाल ने रकबा समर्पण हटाने के संबंध में आवेदन दिया।

**न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)**

**नोटिस**

प्रकरण क्र 888/2024
आदेश दि. 27/12/2025
पेशी ता. 19/02/2026
प्रोसेस क्र 695/2025

कु. वेदिका साहू वलि माता सुनिता साहू पिता सुखसागर साहू, निवासी नंदीश्वर मंदिर चाटीडीह थाना सरकण्डा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)..आवेदिका/आवेदक

**// विरूद्ध //**

श्री सुखसागर साहू, पिता मोहस्साय साहू, निवासी ग्राम रायपुरा, थाना बाराद्वार जिला जाजगीर-चापा ..अनावेदक/अनावेदक

इस न्यायालय में आवेदिका/आवेदक अनावेदिका/अनावेदक के विरूद्ध धारा 144 बी एन एस. है, जिसकी पेशी दिनांक 19/02/2026 को नियत है। श्रीमती कु वेदिका ने बाबत् आवेदन पत्र पेश किया

अनावेदिका/अनावेदक श्री सुखसागर साहू उम्र 40 वर्ष पिता श्री मोहरसाय निवासी रायपुरा बाराद्वार को इस समाचार पत्र के प्रकाशन के द्वारा आवेदन का नोटिस प्रेषित किया जा रहा है कि इस प्रकरण में पेशी दिनांक 19/02/2026 को न्यायालय में प्रात: 11:00 बजे स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 19/02/2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित होता है. या सार्वजनिक अवकाश हो जाता है, या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहता है, तो अगले दिन अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अत: आज दिनांक//को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायलय की मुहर लगाकार जारी किया गया।।

**न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)**

जाँजगीर मार्केट

प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
* फ्रेक्चर, प्लास्टर, ऑपरेशन के बाद जोड़ों का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
* कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
* सियाटिका, वात, लकवा (हाथ,पैर,मुंह)
* नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS(Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में, चाम्पा
M : 96915 53615

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना, नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन MBBS, MS, MCh, DrNB Urology Mumbai Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन MBBS, MS, FPRS OPHTHALMOLOGIST PHACO & LASIK SPECIALIST नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., जेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हर्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# पीवीसी होशियार सिंह दहिया की पत्नी और बेटे से मुलाकात

**मुंबई।** वरुण धवन फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आएंगे। यह फिल्म 23 जनवरी को रिलीज होगी। आज वरुण ने सोशल मीडिया हैंडल पर पीवीसी होशियार सिंह दहिया के परिवार से हुई मुलाकात की कुछ खास तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। वरुण धवन ने फिल्म बॉर्डर 2 में कर्नल होशियार सिंह दहिया की भूमिका निभाई है। वरुण ने पीवीसी होशियार सिंह दहिया की पत्नी श्रीमती धनो देवी और उनके बेटे कर्नल सुशील कुमाल दहिया से हुई मुलाकात की। जिसकी कुछ खास तस्वीरें वरुण ने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। इसके साथ ही वरुण ने एक इमोशनल नोट भी लिखा है।

## लाइफ Style



# श्रिया
## साझा की शूटिंग से बीटीएस तस्वीरें

प्राइम वीडियो की सुपरहिट वेब सीरीज मिर्जापुर अब फिल्म के रूप में सामने आएगी। मिर्जापुर द फिल्म की शूटिंग इन दिनों चल रही है। शूटिंग से कई तस्वीरें और वीडियोज भी सामने आ चुके हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब सीरीज का हिस्सा रहीं अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर ने शूटिंग से कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इनमें पहली तस्वीर में क्लैप बोर्ड नजर आ रहा है, जिस पर फिल्म का नाम 'मिर्जापुर द फिल्म' लिखा हुआ है। साथ ही स्क्रिप्ट रखी हुई है, जिस पर स्वास्तिक बना हुआ है और क्लैप बोर्ड व स्क्रिप्ट पर फूल चढ़े हुए हैं। इससे पता चलता है कि यह मुहूर्त शॉट की तस्वीर हो सकती है। इसके साथ ही श्रिया ने एक और तस्वीर भी साझा की है। इसमें पूजन हो रहा है और फिल्म की पूरी कास्ट व क्रू मौजूद है।

इसके साथ ही श्रिया ने कैप्शन में लिखा है, 'आठ साल बाद अंदाजा लगाइए कौन मौत के मुंह से वापस लौट आया है? श्रिया के कैप्शन के बाद अब ये साफ हो गया है कि मिर्जापुर के दूसरे सीजन में मर चुके मुन्ना भैया यानी दिव्येंदु शर्मा, 'मिर्जापुर द फिल्म' में वापसी कर रहे हैं। श्रिया ने जो फिल्म की कास्ट की तस्वीर साझा की है, उसमें दिव्येंदु शर्मा भी नजर आ रहे हैं। अब श्रिया के कैप्शन और इस तस्वीर से फैंस को ये कंफर्मेशन मिल गई है कि मुन्ना भैया का किरदार 'मिर्जापुर द फिल्म' में वापस आ रहा है। जाहिर है कि मुन्ना भैया शो का सबसे लोकप्रिय किरदार है।

## हॉलीवुड मसाला



# द ब्लफ में बनीं समुद्री डाकू

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा अमेरिकी एक्शन थ्रिलर फिल्म 'द ब्लफ' में एक समुद्री डाकू के किरदार में नजर आएंगी। फिल्म का टीजर प्राइम वीडियो पर रिलीज किया गया, जिसमें 'ब्लडी मैरी' के दमदार लुक में प्रियंका को देखकर उनके फैंस बेहद खुश हैं और फिल्म की रिलीज के लिए काफी उत्साहित हैं। फिल्म के कुछ सेकंड की झलक में प्रियंका ने एर्सेल ब्लडी मैरी के किरदार में सभी को चौंका दिया है। 'द ब्लफ' के टीजर में प्रियंका को एक खतरनाक समुद्री डाकू के किरदार में दिखाया गया है।



# पहनी भारतीय डिजाइनर सब्यसाची की ज्वेलरी

**लॉस एंजिल्स।** जेनिफर लोपेज ने लॉस एंजिल्स में वैनिटी फेयर और अमेजन एमजीएम स्टूडियोज द्वारा आयोजित सेलिब्रेट अवार्ड्स सीजन 2026 और गोल्डन ग्लोब में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई। खास बात यह है कि इस इवेंट में जेनिफर ने भारतीय ज्वेलरी डिजाइनर सब्यसाची की ज्वेलरी पहनीं। जेनिफर लोपेज ने लॉस एंजिल्स में वैनिटी फेयर और अमेजन एमजीएम स्टूडियोज की ओर से आयोजित अवार्ड्स सीजन 2026 की पार्टी में बहुत शानदार लुक में हिस्सा लिया। उन्होंने 'शीयर एंड स्पार्कल' थीम के साथ जुहैर मुराद के काउचर गाउन और सब्यसाची की हाई ज्वैलरी पहनी। इसके अलावा उन्होंने गोल्डन ग्लोब्स 2026 की शुरुआत भी सब्यसाची की ज्वेलरी पहनकर की। गोल्डन ग्लोब्स से पहले की पार्टी में जेनिफर ने सब्यसाची की खूबसूरत ज्वैलरी पहनी।



# मर्दानी-3 में दिखा रानी का दबंग अंदाज

**मुंबई।** सोमवार को रानी मुखर्जी की अपकमिंग फिल्म 'मर्दानी 3' का ट्रेलर रिलीज हुआ। एक बार फिर वह दबंग पुलिस ऑफिसर के रोल में दिख रही हैं। इस बार उनका किरदार जिस केस को वह हैंडल करेगा, वह काफी खतरनाक होने वाला है। फिल्म 'मर्दानी 3' के ट्रेलर में रानी मुखर्जी के एंट्री अपने पुराने किरदार शिवानी शिवाजी रॉय के तौर पर होती है। शिवानी को इस बार एक नया केस सॉल्व करने को दिया जाता है। इस बार वह लापता लड़कियों को बचाने और खोजने के मिशन पर हैं। एक बार इस फिल्म में महिलाओं से जुड़े गंभीर मुद्दों को उठाया गया है। फिल्म शैतान फेम जानकी बोड़ीवाला ने भी एक अहम किरदार इसमें निभाया है। फिल्म 'मर्दानी 3' के ट्रेलर में इस बार विलेन के तौर पर एक महिला नजर आती हैं।



# बॉर्डर-2 का तीसरा गाना जाते हुए लम्हों...

**मुंबई।** अपनी रिलीज से पहले ही सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी की फिल्म 'बॉर्डर 2' चर्चाओं में बनी हुई है। 'घर कब आओगे' गाने की सफलता के बाद अब मेकर्स फिल्म का एक और नया गाना लेकर आए हैं। खास बात ये है कि यह गाना भी 'बॉर्डर' फिल्म के ही गाने का री-क्रिएटेड वर्जन है। मेकर्स ने सोमवार को 'जाते हुए लम्हों' गाना रिलीज किया है। जाते हुए लम्हों' के इस री-क्रिएटेड वर्जन को विशाल मिश्रा ने गाया है। साथ में गाने में ओरिजनल सॉन्ग के सिंगर रूप कुमार राठौड़ की आवाज भी सुनाई देती है। 'घर कब आओगे' गाने की तरह ही इस गाने को भी मिथुन ने ही कंपोज किया है। जबकि 'बॉर्डर फिल्म में इस गाने को जावेद अख्तर ने लिखा था और अनु मलिक ने कंपोज किया था।

## टीवी मसाला



# क्योंकि सास भी कभी बहू थी ने बनाया रिकॉर्ड, पूरे किए 2000 एपिसोड

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने नया रिकॉर्ड बनाया है। इसके 2000 एपिसोड पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर एकता कपूर ने खुशी जाहिर की है। लोकप्रिय सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का दूसरा सीजन दर्शकों के बीच काफी पसंद किया जा रहा है। इस बीच इसके नाम नया रिकॉर्ड दर्ज हुआ है। मूल रूप से साल 2000 में शुरू हुए इस शो के दो हजार एपिसोड पूरे हो चुके हैं। पूरी टीम ने इसका जश्न मनाया है। साथ ही शो की प्रोड्यूसर एकता कपूर ने भी खुशी जाहिर करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। एकता कपूर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो साझा किया है। उन्होंने शो के शुरुआत से लेकर अब दूसरे सीजन तक की यात्रा के पलों को इस वीडियो में दिखाया है। इसके साथ लिखा है, 'हमें 2000 एपिसोड पूरे करने में 25 साल लग गए! सिर्फ इस माइलस्टोन को पूरा करने के लिए, हमने 25 साल पुराने शो को वापस लाने का फैसला किया। आप सभी का आभार। खासकर मां का, अमर उपाध्याय, स्मृति ईरानी, राजुभाई, तनु, अनंतिका, सिद्धार्थ, वरुण, प्रभजोत, श्वेता, धीरज और बालाजी का। इसके अलावा 'क्योंकि...' की पूरी टीम का आभार'। एकता कपूर ने आगे लिखा है, 'मैं स्टार परिवार में सभी को धन्यवाद देना चाहती हूं। उदय सर केविन सर सुमंतो दीपक अजय और पूरी स्टार टीम को। यह शो के लिए एक छोटी यात्रा है... हम ऐसा ही चाहते थे, लेकिन... हमने इस 2000 को और आगे बढ़ाया है। कुछ और एपिसोड के लिए। प्यार के लिए धन्यवाद। मैं आप सभी की हमेशा आभारी रहूंगी। जय माता दी। जय श्री कृष्णा, जय बालाजी'।

## प्रशांत की आखिरी फिल्म बैटल ऑफ गलवान

**नई दिल्ली।** 'इंडियन आइडल 3' के विनर प्रशांत तमांग अब इस दुनिया में नहीं हैं। स्ट्रोक ने उनकी जान ले ली। वो अपने पीछे तमाम यादें छोड़कर गए हैं। उन्होंने सलमान खान की 'बैटल ऑफ गलवान' में काम किया है। अब



उनके गुजरने के बाद ये उनकी आखिरी फिल्म होगी, जो 17 अप्रैल को थिएटर्स में रिलीज होगी। प्रशांत तमांग दिल्ली के जनकपुरी में अपने घर पर थे। परिवार का कहना है कि वो रात में अच्छी तरह से सोए थे, लेकिन सुबह उठ नहीं पाए। फैमिली ने किसी भी तरह की गड़बड़ी से भी इनकार किया है। उनकी पत्नी गीता थापा उन्हें द्वारका के हॉस्पिटल लेकर गईं, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वो अपने पीछे 4 साल की बेटी आरिया को भी छोड़कर गए हैं। प्रशांत 'इंडियन आइडल' में आने से पहले कोलकाता पुलिस में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थे। उनके पिता की मौत के बाद उन्होंने अपनी पढ़ाई छोड़कर ये पद संभाला था। फिर दोस्तों के कहने पर उन्होंने सिंगिंग रिएलिटी शो में पार्टिसिपेट किया।

# आमिर को सुनील समझ उनके ही ऑफिस से निकाला...

**मुंबई।** आमिर खान और वीर दास की फिल्म 'हैप्पी पटेल' 16 जनवरी को थिएटर्स में रिलीज होने जा रही है। इस मूवी का एक प्रमोशनल वीडियो सामने आया है, जहां पर एक्टर को सुनील ग्रोवर समझकर उनके ही ऑफिस से बाहर निकाल दिया गया। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के बीते एपिसोड में जब कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे आए थे, तब सुनील ग्रोवर ने आमिर खान का गेटअप लिया था और एकदम उनके जैसे ही एक्ट करके सबको चौंका दिया था। उनकी खूब तारीफ हुई थी और लोगों ने उन्हें असली एक्टर से बेहतर बताया था। साथ ही फैंस इंतजार कर रहे थे कि सुनील और आमिर का आमना-सामना हो। लोगों की चाहत पूरी हुई और दोनों को एक साथ देखा गया। जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। दरअसल, आमिर खान अपनी




अपकमिंग फिल्म 'हैप्पी पटेल' का प्रमोशन कर रहे हैं। इसी के प्रमोशनल वीडियो में उन्हें सुनील ग्रोवर के साथ देखा गया, जो 'दंगल' एक्टर की मिमिक्री करते नजर आए। लेकिन इस दौरान कॉमेडियन ने एक्टर को उनके ही ऑफिस से बाहर निकलवा दिया, जिसे देख हर कोई हंसी से लोटपोट हो रहा है। आमिर खान के सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो में सुनील ग्रोवर एक कमरे में बैठे कुछ लिख रहे होते हैं। और वह एकदम एक्टर के लुक में नजर आते हैं। तभी वीर दार आते हैं और वह उन्हें देखकर चौंक जाते हैं। कहते हैं कि वह आमिर नहीं। थोड़ा अलग लग रहे हैं। इसके बाद वह दोनों बैठते हैं और बात करते हैं और सुनील उन्हें बोनस चेक भी दे देते हैं।

# सिंगर कुमार सानू ने प्रेमानंद जी महाराज को सुनाया 'तुम देना साथ' गाना...

**मुंबई।** एक तरफ सिंगर कुमार सानू की पत्नी के साथ कानूनी लड़ाई चल रही है, और दूसरी तरफ वो प्रेमानंद जी महाराज की शरण में जा पहुंचे हैं। उन्होंने पहले तो महाराज जी को अपना गाना 'तुम देना साथ मेरा ओ हमनवा' सुनाया। फिर उनका आशीर्वाद भी लिया। सिंगर कुमार सानू पत्नी के साथ कानूनी लड़ाई के बीच वृंदावन जा पहुंचे हैं और उन्होंने प्रेमानंद जी महाराज से मुलाकात की है। पहले तो कुमार सानू ने उन्हें गाना 'तुम देना साथ मेरा ओ हमनवा' सुनाया। प्रेमानंद जी भी उनके गाने को ध्यान से सुन रहे थे और वो भी मंत्रमुग्ध हो



गए। बाद में महाराज जी ने उनकी खूब तारीफ की। प्रेमानंद जी ने उनसे कहा, 'हमारी सांसें बहुत कीमती हैं। आपने 50 साल में जो ऐश्वर्या कमाया, ऐसी कीमती सांसों में हम भगवान का नाम लें तो हमारा जीवन सफल हो जाएगा। शिव की चाह है तो उनका नाम लेते रहिए।' लोगों ने वीडियो पर राधे-राधे लिखकर प्यार जताया है। कुमार सानू ने पत्नी के खिलाफ जो याचिका दायर की, उसमें दावा किया गया है कि रीटा भट्टाचार्या ने विरल भयानी और फिल्म विंडो जैसे प्लेटफॉर्म पर इंटरव्यू दिए, जिनमें उन्होंने कुमार सानू पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कथित तौर पर दावा किया कि गर्भावस्था के दौरान उन्होंने उन्हें भूखा रखा, रसोई को बंद कर दिया, दूध और चिकित्सा देखभाल से वंचित रखा और प्रेग्नेंसी के दौरान अदालती कार्यवाही की। कुमार सानू ने दो बार शादी की है। उनकी पहली शादी 1986 में रीटा भट्टाचार्या से हुई थी, जिनके साथ उनका तलाक में हो गया। उनके दो बेटे हैं, जिनमें एक का नाम जान कुमार सानू है। कुमार सानू फिलहाल सलोनी भट्टाचार्य से शादीशुदा हैं, जिनसे उन्होंने 2001 में शादी की थी। इस कपल की दो बेटियां हैं।

## मशहूर स्टैंड-अप कॉमेडियन और एक्ट्रेस निक्की ग्लेजर ने किया होस्ट

# वन बैटल आफ्टर अनदर बनी बेस्ट फिल्म, एडोलसेंस का दिखा जलवा

*लॉस एंजिल्स। 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स 2026 का ऐलान हो गया है। हालांकि, इस बार किसी भी भारतीय फिलम या टीवी सीरीज को कोई नॉमिनेशन नहीं मिला, लेकिन इस इवेंट में देश की मौजूदगी जरूर थी। बॉलीवुड की देसी गर्ल और ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा बतौर अवॉर्ड प्रेजेंटर इस प्रतिष्ठित समारोह का हिस्सा बनीं। भारतीय समय के अनुसार, 12 जनवरी को सुबह 6.30 बजे अवॉर्ड शो शुरू हुआ। इसमें साल 2025 में फिल्म और अमेरिकन टेलीविजन शो को सम्मानित किया। सेरेमनी में पॉल थॉमस एंडरसन की फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर और जैक थॉर्न-स्टीफन ग्राहम की वेब सीरीज 'एडोलेसेंस ने सबसे अधिक 4-4 अवॉर्ड अपने नाम किए। डायरेक्टर क्लो झाओ की बायोग्राफिकल हिस्टोरिकल ड्रामा हैमनेट को बेस्ट मोशन पिक्चर-ड्रामा का अवॉर्ड मिला, जबकि लियोनार्डो डिकैप्रियो स्टारर वन बैटल आफ्टर अनदर ने बेस्ट मोशन पिक्चर – म्यूजिकल या कॉमेडी के लिए गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड जीता।*

*गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स 2026 को मशहूर स्टैंड-अप कॉमेडियन और एक्ट्रेस निक्की ग्लेजर ने होस्ट किया। यह इस अवॉर्ड शो की उनकी लगातार दूसरी होस्टिंग थी। सेरेमनी में ब्राजील के हिस्टोरिकल पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म द सीक्रेट एजेंट ने बेस्ट मोशन पिक्चरः नॉन-इंग्लिश लैंग्वेज और बेस्ट एक्टर इन ए मोशन पिक्चरः ड्रामा (वैगनर मौरा), जैसे 2 बड़े अवॉर्ड जीते। जबकि बेस्ट पिक्चर के अलावा, हैमनेट के लिए जेसी बकले को बेस्ट एक्ट्रेस इन ए मोशन पिक्चर – ड्रामा का गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड भी मिला।*




### डॉन चेडले और जॉर्ज क्लूनी की मस्ती

एक्टर डॉन चेडले मंच पर 64 साल के जॉर्ज क्लूनी के साथ पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने इवेंट में मौजूद टिमोथी चालमेट से उनकी उम्र पूछी। टिमोथी ने बताया कि वो 30 साल के हैं। इस पर डॉन, साथ खड़े जॉर्ज क्लूनी से बोले- 'आखिरी बार जब तुमने गोल्डन ग्लोब जीता था तब टिमोथी मात्र 3 साल का था।'

### बेबी बंप के साथ स्टेज पर अवॉर्ड देने पहुंचीं हैली स्टैनफेल्ड

अमेरिकन एक्ट्रेस और सिंगर हैली स्टैनफेल्ड रेड कारपेट पर बेबी बंप के साथ नजर आईं। वे स्टेज प्रेजेंटर भी बनीं। उन्होंने बेस्ट लिमिटेज सीरीज, एंथोलॉजी सीरीज और मोशन पिक्चर का अवॉर्ड अनाउंस किया।

***'वन बैटल आफ्टर अनदर' बनी बेस्ट पिक्चर - म्यूजिकल/ कॉमेडी*** : 83वें गोल्डन ग्लोब्स अवॉर्ड्स में लियोनार्डो डिकैप्रियो स्टारर 'वन बैटल आफ्टर अनदर' का जलवा, बेस्ट पिक्चर - म्यूजिकल/कॉमेडी।

### टिमोथी और रोज़ को बेस्ट एक्टर-बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड

समारोह के दूसरे बड़े विजेताओं में 'मार्टी सुप्रीम' के लिए टिमोथी चालमेट (बेस्ट एक्टर इन ए मोशन पिक्चर – म्यूजिकल या कॉमेडी), 'इफ आई हैड लेग्स आई वुड किक यू' के लिए रोज़ बर्न (बेस्ट एक्ट्रेस इन ए मोशन पिक्चर – म्यूजिकल या कॉमेडी) को अवॉर्ड मिला। 'द पिट' को बेस्ट टेलीविजन सीरीज – ड्रामा का अवॉर्ड दिया गया, और 'द स्टूडियो' को बेस्ट टीवी सीरीज – म्यूजिकल या कॉमेडी का पुरस्कार मिला।

### सर्वश्रेष्ठ फिल्म मोशन पिक्चर- ड्रामा : हैमनेट

सर्वश्रेष्ठ फिल्म मोशन पिक्चर – म्यूजिकल/कॉमेडीः वन बैटल आफ्टर अनदर
सर्वश्रेष्ठ निर्देशकः पॉल थॉमस एंडरसन (वन बैटल आफ्टर अनदर)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता मोशन पिक्चर – ड्रामाः वैगनर मौरा (द सीक्रेट एजेंट)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री मोशन पिक्चर – ड्रामाः जेसी बकले (हैमनेट)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता मोशन पिक्चर – म्यूजिकल/कॉमेडीः टिमोथी चालमेट (मार्टी सुप्रीम)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री मोशन पिक्चर – म्यूजिकल/कॉमेडीः रोज बायरन (इफ आई हैड लेग्स आई'ड किक यू)
सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता मोशन पिक्चरः स्टेलन स्कार्सगार्ड (सेंटीमेंटल वैल्यू)
सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री मोशन पिक्चरः टेयाना टेलर (वन बैटल आफ्टर अनदर)
सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड फिल्मः के-पॉप डेमन हंटर्स
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता टेलीविजन सीरीज/म्यूजिकल/कॉमेडीः सेठ रोजन (द स्टूडियो)
सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री टेलीविजन- एरिन डोहर्टी (एडोलसेंस)
सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता टेलीविजन- ओवेन कूपर (एडोलसेंस)
बेस्ट परफॉर्मेंस इन स्टैंड-अप कॉमेडी- रिकी गेरवाइस
सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री टेलीविजन लिमिटेड सीरीज, एंथोलॉदी सीरीज या टेलीविजन मोशन पिक्चर - मिशेल विलियम्स (डाइंग फॉर...)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता टेलीविजन लिमिटेड सीरीज, एंथोलॉदी सीरीज या टेलीविजन मोशन पिक्चर- स्टीफन ग्राहम (एडोलसेंस)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता टेलीविजन सीरीज/ड्रामा- नोआ वाइल (द पिट)

**खबर संक्षेप**

## कन्या स्कूल में 103 छात्राओं को वितरित किया गया साइकिल



**सक्ती।** आदर्श शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सक्ती कन्या विद्यालय में 103 छात्राओं को सरस्वती योजना के तहत साइकिल का वितरण शाला समिति के अध्यक्ष मांगेराम अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता गोपाल पार्षद एवं प्राचार्य की उपस्थिति में साइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर मांगेराम अग्रवाल ने शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। छात्राओं के छात्राओं के अभिभावक उपस्थित थे। अभिभावकों के समक्ष जहां विद्यालय के अध्ययन के संबंध में प्राचार्य ने अपना पक्ष रखा तथा चार कमरों की दैनिक हालात के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। बालकों के द्वारा विद्यालय के अध्ययन के प्रति संतोष व्यक्त किया गया, जब छात्रों को साइकिल मिली तो उनके चेहरे पर एक मुस्कान परिलक्षित हो रही थी, साइकिल पाने के बाद छात्राओं ने कहा कि अब विद्यालय आना और भी आसान हो जाएगा।

## संवेदना वेलफेयर सोसायटी ने दिवंगत शिक्षक के परिजनों को सौंपी सहायता राशि



**अकलतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पौना में पदस्थ शिक्षक वेदप्रकाश सिदार के 5 जनवरी को आकस्मिक निधन पर अकलतरा विकासखंड के शिक्षकों द्वारा संचालित संवेदना वेलफेयर सोसायटी, अकलतरा ने शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए आर्थिक सहयोग प्रदान किया। सोसायटी से जुड़े शिक्षकों के सहयोग से 20,351 की संवेदना राशि एकत्रित कर मंगलवार 13 जनवरी को दिवंगत शिक्षक के गृह ग्राम किरारी में उनकी पत्नी को प्रदान की गई। इस अवसर पर विकासखंड के शिक्षक साथी एवं दिवंगत शिक्षक के परिजन उपस्थित रहे।संवेदना वेलफेयर सोसायटी ने दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ खड़े रहने का संदेश देते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## सामाजिक, धार्मिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों में लोगों को निःशुल्क उपलब्ध करा रहे कुर्सी



**बाराद्वार।** नगर के वार्ड क्रमांक 2 निवासी देवेंद्र यादव एवं नरेन्द्र यादव द्वारा अपनी माता श्रीमती श्यामा बाई यादव की स्मृति में एक सराहनीय सामाजिक पहल की शुरुआत की गई है। इस पहल के अंतर्गत निःशुल्क कुर्सी सेवा उपलब्ध कराई जा रही है, जो मार्च 2025 से निरंतर संचालित है। इस सेवा के तहत अब तक करीब 23 से अधिक अलग-अलग स्थानों पर सामाजिक, धार्मिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों में लोगों ने निःशुल्क कुर्सियों का उपयोग कर लाभ उठाया है। सेवा का उद्देश्य जरूरत के समय आमजन को सुविधा उपलब्ध कराना और माता की स्मृति को सेवा भाव से जीवित रखना है। इस अवसर पर देवेंद्र यादव ने बताया कि यह सेवा कार्य श्याम बाई यादव के नाम पर प्रारंभ किया गया है और इसे निरंतर जारी रखने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में कुर्सियों की संख्या बढ़ाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस सेवा का लाभ ले सकें। क्षेत्र में इस पहल की सराहना की जा रही है और लोग इसे प्रेरणादायक सेवा कार्य बता रहे हैं।

### संक्रांति के पुण्य काल के दौरान स्नान, पूजा-पाठ व दान का विशेष महत्व

# घरों में आ रही तिल गुड़ की सोंधी महक आज मनेगा मकर संक्रांति का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



दान का महापर्व मकर संक्रांति बुधवार को श्रद्धाभक्ति पूर्ण मनाया जाएगा। पर्व के दौरान नदी में स्नान व दान करने से शुभ होता है। पर्व की तैयारी को लेकर घरों में तिल के लड्डू बनाए जा रहे है। इसके लिए प्रत्येक घरों में तिल की खरीदी कर ली गई है। वहीं कई परिवार मकर स्नान के लिए गंगासागर व अन्य तीर्थ जाकर स्नान करेंगे। इस वर्ष मकर संक्राति का पर्व कुछ जगहों पर 14 एवं 15 जनवरी को मनाया जाएगा।

सूर्य देवता की आराधना का पर्व मकर संक्रांति 14 जनवरी को मनाया जाएगा। संक्रांति के पुण्यकाल के दौरान पूजा-पाठ व दान का विशेष महत्व है। इस दिन तिल से बने लड्डू सूर्य भगवान में अर्पण किए जाते है। संक्रांति के पुण्य काल के दौरान स्नान, पूजा पाठ व दान का विशेष महत्व है। कई परिवार विशेष स्नान व पूजा-पाठ के लिए गंगासागर व अन्य तीर्थ स्थल जाते है। इस दिन यह मानना है कि तिल से बना हुआ लेप लगाकर स्नान के बाद सूर्य दर्शन कर विशेष पूजा-अर्चना करते है। इसके पश्चात ही तिल लड्डू का प्रसाद घर के लोग व रिश्तेदारों में बांटे जाने का परंपरा है। पंडितों का कहना है कि मकर संक्रांति के अवसर पर काला तिल, काला कंबल, काला वस्त्र, स्वर्ण व सामर्थ अनुसार दान करना भी शुभ होता है। मकर संक्रांति के दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्य के इस राशि परिवर्तन को ही संक्रांति कहा जाता है। सूर्य के राशि परिवर्तन से कई राशियों पर प्रभाव पड़ता है। मकर संक्रांति के दिन से ही सूर्य की उत्तरायण गति प्रारंभ होती है।

### तिल-गुड़ व फली दान के बढ़े दाम

इस बार तिल लड्डू खाना लोगों को महंगा पड़ेगा। तिल, गुड़ व मुंगफली के दामों में वृद्धि हुई है। तिल बाजार में इस बार 160 से 200 रुपए किलो में बिक रही है। अपना दुकान के संचालक ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार 20 से 25 रुपए की वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष जहां तिल का दाम 120 से 130 रुपए था वहीं इस बार बढ़कर 150 से 180 रुपए में बिक रहा है। वहीं फली दाना 120 रुपए से लेकर 160 रुपए, इसी तरह गुड़ 50 रुपए किलो से बढ़कर 60 रुपए किलो बिक रहा है।

### कुछ जगहों पर 14 तो कुछ जगहों पर 15 को मनेगा पर्व

स्नान दान एवं सूर्य उपासना का महापर्व मकर संक्रांति इस साल पंच्चांग भेद से 14 एवं 15 जनवरी को मनाया जाएगा। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर के पुजारी पं किरण कुमार मिश्रा ने बताया कि कुछ पंच्चाग में सूर्य मकर राशि में 14 जनवरी को दोपहर 3 बजकर 5 मिनट में प्रवेश करेगें जबकि कुछ पंच्चाग में सूर्य मकर राशि में रात्रि 9 बजकर 13 मिनट में प्रवेश करेगा जिस कारण दोनों दिन पुन्य काल प्राप्त हो रहा है। इस दिन अनुराधा नक्षत्र एवं सौभ्य योग रहेगा कांशी विश्वनाथ पंच्चाग मतानुसार 14 जनवरी को रात्रि 9, बजकर 19 मिनट में सुर्य मकर राशि में प्रवेश कर रहा है। जिसे मकर संक्राति कहते है 14 जनवरी को रात्रि में मकर राशि में प्रवेश करने के कारण 15 जनवरी को मकर संक्राति मनाना उत्तम रहेगा 14 जनवरी को सठतिला एकादशी होने के कारण अन्नदान नही किया जा सकता एवं खिचडी का प्रसाद ग्रहण अन्न होने कारण नहीं हो पाएगा इस लिए 15 जनवरी को मकर संक्राति मनाना उत्तम होगा। इस दिन पवित्र गंगा यमुना सरस्वती नद्री के त्रिवेणी संगम में स्नान करने का महत्व है। 14 जनवरी दोपहर 3.05 मिनट से 5 बजकर 37 मिनट तक पुन्य काल रहेगा वहीं 15 जनवरी को सुबह 6 हजकर 44 मिनट से 12 बजकर 4 मिनट तक शुभ रहेगा।



सड़क पर बहता नाली का गंदा पानी।

# निकासी व्यवस्था नहीं होने से सड़क पर बह रहा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरदेई

■ शीघ्र ही नाली निर्माण नहीं होने पर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

ग्राम धरदेई के वार्ड क्रमांक-6 में निकासी व्यवस्था नहीं होने से घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। वार्ड पंच सहित ग्रामीणों ने इसकी सूचना सरपंच एवं सचिव को दी है, बावजूद उनके द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने शीघ्र ही इस दिशा में पहल नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत धरदेई के वार्ड क्रमांक-6 में पूर्व हुए नाली निर्माण से अब पानी निकासी नहीं हो रही है। इसके चलते गली में नाली का गंदा पानी भर जा रहा है। ग्रामवासी नाली के गंदा पानी में आवागमन करने मजबूर है। ग्रामीणों का कहना है कि यहां नियमित रुप से नाली की सफाई भी नहीं होती। पूर्व में घरों से निकलने वाला गंदा पानी नाली से होकर चमरी तालाब एवं बरफलाल तालाब में जाता था। वहां गंदगी को देखते हुए दोनों मोहल्लों के लोगों ने पानी आने से रोक दिया है, जिसके चलते गंदा पानी सड़क में बह रहा है। ग्रामवासियों द्वारा बार-बार आग्रह करने के बाद भी सरपंच एवं सचिव गंभीर नजर नहीं आ रहे है। पंचों एवं वार्डवासियों ने आरोप लगाया है कि उनके द्वारा जिम्मेदार सरपंच एवं सचिव को नाली निर्माण की बात कहे जाने पर उनके द्वारा उनके द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता है। गंदा पानी घर में घुसने से ग्रामीण परेशान है। उन्होंने शीघ्र ही नाली निर्माण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। साथ ही सरपंच एवं सचिव को हटाने की मांग की है।

# युवा दिवस के अवसर पर स्वदेशी संकल्प दौड़ एवं रैली का आयोजन




कार्यक्रम में उपस्थित स्वयं सेवक, छात्र-छात्राएं एवं स्कूल स्टाफ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विद्या निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वदेशी संकल्प दौड़ एवं रैली का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में स्वयं सेवकों के साथ छात्र-छात्राएं शामिल हुए। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई विद्या निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पामगढ़ द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती तथा युवा दिवस के अवसर पर राष्ट्रव्यापी युवा जागरुकता के उद्देश्य से स्वदेशी संकल्प दौड़ एवं रैली का आयोजन विद्यालय परिसर से मुख्य सड़क मार्ग में किया गया था। दौड़ दल का संचालन अशोक कुमार मिरे(प्राचार्य, विद्या निकेतन उ मा विद्यालय पामगढ़ )अर्जुन लाल यादव (उप प्राचार्य) वीरेंद्र कुमार खुटे (कार्यक्रम अधिकारी रासेयो) नेहा खरे (महिला प्रकोष्ठ रासेयो) अंकित तिवारी, संजना साहू, सुरेश साहू ( सहकार्यक्रम रासेयो )अखिल शुक्ला (विभाग प्रमुख, ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल पामगढ़) सुश्री रुक्मणी बरेठ, ममता ओगे एवं समस्त विद्यालय परिवार के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम को सफल कराया गया।

## कनौजिया कुर्मी समाज का एकीकरण महाधिवेशन 18 को

**राहौद।** कन्नौजिया कुर्मी समाज में व्याप्त बिखराव को समाप्त कर सामाजिक एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से कन्नौजिया कुर्मी के आम जनता द्वारा कन्नौजिया कुर्मी एकीकरण महाधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। यह महाधिवेशन रविवार 18 जनवरी को ग्राम लोहर्सी (खरौद) में आयोजित होगा। कन्नौजिया कुर्मी युवा संगठन एवं कुर्मी एकता संघ सिर्फ मंच प्रदान कर रहा है आयोजनकर्ता आप और हम हैं, इस महाधिवेशन का उद्देश्य समाज के सभी मेड़ों एवं वर्गों को एक मंच पर लाकर आपसी मतभेद, पक्षपात और विघटन को समाप्त करना है, ताकि समाज को एक सशक्त एवं संगठित दिशा दी जा सके। आयोजकों ने समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं मातृशक्ति से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम के माध्यम से समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श भी किया जाएगा। इसमें आम जनता ही अपना निर्णय लेगी एवं विचार विमर्श करेगी, इसमें किसी भी नेता को नहीं बुलाया जा रहा है।

# नवीन पाठ्य पुस्तक पर आधारित प्रशिक्षण में 442 शिक्षक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



प्रशिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करते अधिकारी।

■ नवीन पाठ्यपुस्तक उन्मुखीकरण प्रशिक्षण सफलता पूर्वक संपन्न,

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत नवीन पाठ्यपुस्तकों पर आधारित एफएलएन उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम बीआरसी अकलतरा, स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय पोंड़ीदल्हा एवं हायर सेकेंडरी स्कूल किरारी में 1 जनवरी से 13 जनवरी तक दो बैच मेंआयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में ज्ञानवर्धन, दक्षता विकास तथा 21वीं सदी के उन्नत कौशलों का विकास करना रहा।

इस दौरान भाषा, गणित, अंग्रेजी, पर्यावरण, खेल शिक्षा एवं कला शिक्षा के विभिन्न आयामों और उद्देश्यों पर विस्तृत चर्चा एवं गतिविधि आधारित प्रशिक्षण दिया गया। जोन क्रमांक 1 अकलतरा में बबीता कुर्रे, रश्मि दुबे एवं अमित कुमार धिरही, जोन क्रमांक 2 पोंड़ीदल्हा में अल्किन खान, रूपेश सिंह एवं रूपचंद देवांगन तथा जोन क्रमांक 3 किरारी में विश्वनाथ अघरिया, सेवक दास महंत एवं कुलदीप कुंभकार द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। तीनों जोनों में कुल 442 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बीईओ देवकांत द्विवेदी ने प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण का वास्तविक महत्व उसके कक्षा-कक्ष में प्रभावी क्रियान्वयन में है। वहीं एबीईओ स्वाति राठौर एवं रत्नमाला सिंह ने भी शिक्षकों को प्रशिक्षण उपरांत नवाचारों को कक्षा में अपनाने हेतु प्रेरित किया। बीआरसी शैलेंद्र सिंह बैस ने प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों को मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान डाइट व्याख्याता संजय शर्मा एवं भुवनेश्वर जायसवाल द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। साथ ही जिला प्रभारी एवं राज्य प्रभारी द्वारा ऑनलाइन निरीक्षण कर शिक्षकों को अद्यतन रहकर बच्चों के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा तीनों जोनों में सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया। समापन अवसर पर प्रशिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा बीआरसी द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई।

# लालबहादुर शास्त्री ने किसानों और जवानों को दी नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारी।

नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न पंडित लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि नगर के शास्त्री चौक में स्थित उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनके आदर्शों को स्मरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश्वर टंडन ने कहा कि पंडित लाल बहादुर शास्त्री सादगी, ईमानदारी और देशभक्ति के प्रतीक थे। "जय जवान–जय किसान" का नारा देकर उन्होंने देश के जवानों और किसानों को एक नई पहचान दी। सीमित संसाधनों के बावजूद उनके नेतृत्व में देश ने आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान की राह पकड़ी।भविष्य चंद्राकर ने कहा कि शास्त्री जी का जीवन आज की राजनीति के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने सादे जीवन और उच्च विचारों के माध्यम से यह सिद्ध किया कि नेतृत्व पद या वैभव का नहीं, बल्कि सेवा और त्याग का होता है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उनके आदर्शों पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और विकास पहुँचाने के लिए कार्य करना चाहिए।कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने भी पंडित शास्त्री के राष्ट्रनिर्माण में योगदान, उनकी सरलता, निडरता और सिद्धांतनिष्ठ राजनीति पर अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संतोष सिंह बैस ,राजेश जैन ,मनोज अग्रवाल अब्दुल मोईद ,राजू जैन एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# धान खरीदी में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : तोपनो

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

■ कलेक्टर ने धान खरीदी में अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने व त्वरित कार्रवाई करने के दिए निर्देश



कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने मंगलवार को साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कहा कि धान खरीदी की अंतिम अवधि में अधिकारी कर्मचारी द्वारा की गई लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही बिना पूर्व सूचना अथवा सक्षम अधिकारी की अनुमति के मुख्यालय न छोड़े जाने के संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पी वी एप के माध्यम से ऑनलाइन एंट्री करने के भी आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में कोचियों-बिचौलियों द्वारा किसी भी प्रकार से अवैध धान खपाने के प्रयास पर कड़ी निगरानी रखते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही धान की किसी भी प्रकार की अवैध खरीदी, भंडारण एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने धान खरीदी कार्य से जुड़े सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अंतिम धान खरीदी तिथि तक गंभीरता के साथ इस कार्य को करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने ऑनलाइन जारी किए गए टोकन का अनिवार्य रूप से भौतिक सत्यापन करने निर्देश दिए।

# विज्ञान प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ गुरूकुल स्कूल में नवाचार पर आधारित विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



मॉडल का प्रदर्शन करती छात्राएं।

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जांजगीर में नवाचार पर आधारित विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उद्घाटन मार्स शिक्षण के सचिव दीपक कुमार राठौर, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, डायरेक्टर श्रीमती अनुश्री राठौर, श्रीमती चंचल अग्रवाल, डॉ देव वशिष्ट के द्वारा फीता काटकर किया गया।

इस भव्य विज्ञान प्रदर्शनी के मूल्यांकन हेतु निर्णायक मंडल में अविनाश द्विवेदी, अभय तिवारी एवं श्रीमती सोनल दुबे का सहयोग एवं योगदान सराहनीय रहा। इस विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र - छात्राओं ने सौर ऊर्जा, जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन और रोबोटिक जैसे विषयों पर 200 से अधिक नवीनतम मॉडल प्रस्तुत किए गए। प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण स्मार्ट सिटी और भविष्य के कृषि उपकरण रहे, जिन्हें दर्शकों ने काफी सराहा। दीपक कुमार राठौर ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना है। इसके माध्यम से विद्यार्थी रटने की प्रवृत्ति को छोड़कर करके सीखने पर ध्यान देते हैं, यह न केवल उनके ज्ञान को बढ़ाता है बल्कि उनमें आत्मविश्वास और टीम वर्क की भावना भी पैदा करता है। ऐसी प्रदर्शनियों से ही भविष्य के महान वैज्ञानिकों का जन्म होता है। विजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी नवाचार, रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का एक अद्भुत संगम होती है। विज्ञान केवल किताबों में पढ़ा जाने वाला विषय नहीं है बल्कि यह प्रयोगों और अनुभवों का नाम है। प्राचार्य संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि विज्ञान केवल किताबों में छपे फार्मूले या प्रयोगशाला के उपकरणों तक सीमित नहीं है, विज्ञान 'क्यों' और 'कैसे' पूछने की कला है। बच्चों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट केवल मॉडल नहीं बल्कि जटिल समस्याओं के सरल समाधान खोजने की एक कोशिश है। विज्ञान प्रदर्शनी के सफलता पूर्वक आयोजन पर स्कूल प्रबंधन के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल, सचिव दीपक राठौर, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, निदेशक पुष्कर अग्रवाल, विकास अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, श्रीमती अनुश्री राठौर, तनिष अग्रवाल, विपिन गुप्ता, राजेश ओबराय ने बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को शुभकामनाएं प्रेषित किए।




